हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 14 मार्च 2026

06 11 केवी से बरसी आग, 10 एकड़ खेत में खड़ी गेहूं...



07 पोस्टमार्टम रूम के बाहर 'परिजन विश्राम...





## खबर संक्षेप

### जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक आज

**सीहोर।** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में सीहोर जिला पंचायत सभाकक्ष में 14 मार्च को सुबह 11 बजे जिला विकास एवं समन्वय समिति दिशा की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की जाएगी। साथ ही योजनाओं के प्रभावी संचालन, समस्याओं के निराकरण तथा विकास कार्यों में तेजी लाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

### भूतड़ी अमावस्या पर व्यस्थाओं के लिए लगाई गई ड्यूटी

**सीहोर।** भूतड़ी अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आंवलीघाट पहुंचते हैं। आंवलीघाट श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा प्रशासनिक एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार भूतड़ी अमावस्या के अवसर पर 17 मार्च से 19 मार्च तक अधिकारियों कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी अधिकारियों को 17 मार्च से प्रातः 8 बजे से आंवलीघाट पर उपस्थित होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेशानुसार सीहोर डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट को आंवलीघाट पर पर्याप्त गोताखोर एवं मोटरबोट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार बुधनी एसडीओपी को सभी घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था करने और यातायात व्यवस्था सुगम बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अलग-अलग कार्य सौंपते हुए ड्यूटी लगाई गई है।

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज सीहोर आएंगे



**सीहोर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 14 मार्च को दोपहर 12 बजे सीहोर कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे और दिशा की बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद वे शाम 4:30 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## तेज साउंड से हिली दुकानें, सामान गिरा, पीओपी उखड़ी, पुलिस ने डीजे जब्त कर संचालकों पर दर्ज किया केस

# कानफोड़ू डीजे पर बवाल: बुजुर्ग महिला की मौत के बाद जेपी मार्केट बंद, व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

व्यापारियों का आरोप है कि डीजे की आवाज इतनी तेज थी कि उसके कंपन से महिला की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें संभालने का प्रयास किया गया, लेकिन करीब 10 मिनट के भीतर ही उन्होंने दम तोड़ दिया।








हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर के जेपी मार्केट में शुक्रवार को माता पूजन कार्यक्रम के दौरान तेज आवाज में बज रहे डीजे को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। डीजे की कानफोड़ू ध्वनि के बीच एक बुजुर्ग महिला की अचानक तबीयत बिगड़ने और करीब 10 मिनट में मौत हो जाने का मामला सामने आने के बाद व्यापारियों में जबरदस्त आक्रोश फैल गया। विरोध में व्यापारियों ने पूरा जेपी मार्केट बंद कर दिया और थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार जेपी मार्केट स्थित तिवारी परिवार की एक बुजुर्ग महिला घर में ही थीं, तभी पास में चल रहे माता पूजन कार्यक्रम में तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था। परिजनों और आसपास के व्यापारियों का आरोप है कि डीजे की आवाज इतनी तेज थी कि उसके कंपन से महिला की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें संभालने का प्रयास किया गया, लेकिन करीब 10 मिनट के भीतर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और व्यापारियों में भारी नाराजगी फैल गई।

घटना से आक्रोशित व्यापारियों ने इसे ध्वनि प्रदूषण की गंभीर लापरवाही बताते हुए जेपी मार्केट को पूरी तरह बंद कर दिया। सैकड़ों व्यापारी एकजुट होकर थाने पहुंचे और एसडीओपी रोशन कुमार जैन को शिकायती आवेदन सौंपा। व्यापारियों ने मांग की कि नगर में डीजे की तेज ध्वनि पर सख्त नियंत्रण लगाया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

### दुकानों में कंपन से गिरा सामान, फर्नीचर की पीओपी उखड़ी

व्यापारियों ने बताया कि डीजे की आवाज इतनी अधिक थी कि कई दुकानों में कंपन महसूस हुआ। कंपन के कारण दुकानों के काउंटर और रैक पर रखा सामान नीचे गिर गया। कुछ दुकानों में फर्नीचर पर लगी पीओपी तक उखड़ गई। व्यापारियों का कहना है कि नगर में पहली बार इतनी तेज आवाज में डीजे बजाया गया, जिससे न केवल व्यापार प्रभावित हुआ बल्कि बीमार बुजुर्ग सहित युवाओं, के स्वास्थ्य पर भी खतरा पैदा हो गया। ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा कि अत्यधिक तेज ध्वनि सीधे हृदय और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालती है और इस तरह की घटनाएं कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि डीजे संचालकों को निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन कराने के लिए सख्ती से निर्देशित किया जाए।

### पुलिस ने डीजे जब्त कर दर्ज किया प्रकरण

मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के निर्देशन तथा एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी घनश्याम दांगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छोटा बाजार पहुंचकर डीजे बंद कराया। पुलिस ने मौके से डीजे जब्त कर संचालक गोलू अटेरिया (31) और जसवंत अटेरिया (21) निवासी बालागांव के खिलाफ मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 7/15 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि ध्वनि प्रदूषण संबंधी नियमों का पालन करें, अन्यथा उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### नियम: कब और कैसे बजा सकते हैं डीजे

रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक डीजे या लाउडस्पीकर बजाना प्रतिबंधित है।

डीजे बजाने से पहले स्थानीय प्रशासन या थाना से लिखित अनुमति लेना जरूरी है।


आवासीय क्षेत्र में दिन में 55 और रात में 45 डेसिबल तक ही ध्वनि मान्य है।

अस्पताल, स्कूल और अदालत के 100 मीटर दायरे में तेज आवाज पूरी तरह प्रतिबंधित है।

मॉडिफाइड वाहनों में डीजे चलाना अवैध है, वाहन जब्त किए जा सकते हैं।

उल्लंघन पर एफआईआर, जुर्माना और उपकरण जब्ती जैसी कार्रवाई हो सकती है।

## 1600 सिलेंडर की बुकिंग वेटिंग:एजेंसी संचालक बोले सर्वर की वजह से देरी



**सीहोर।** जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है। हालांकि पिछले दो दिनों में करीब 1600 बुकिंग वेटिंग में पहुंच गई हैं। एजेंसी संचालकों का कहना है कि यह बुकिंग लगातार क्लियर की जा रही हैं और गैस की कोई कमी नहीं है। गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार, अचानक ज्यादा बुकिंग आने या लोग मोबाइल नंबर अपडेट कराने पहुंचने के कारण सर्वर कुछ समय के लिए धीमा या डाउन हो जाता है। इसी वजह से बुकिंग में थोड़ी देरी हो रही है।

### शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम शुरू

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने गैस से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए जिला और अनुभाग स्तर पर कंट्रोल रूम शुरू किया है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का नंबर 9111568661 है। यह कंट्रोल रूम अगले आदेश तक रोज सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित रहेगा।

### कालाबाजारी रोकने के लिए बैठक

गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए एसडीएम नितिन टाले, आष्टा थाना प्रभारी और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ने एलपीजी वितरकों के साथ बैठक की। बैठक में घरेलू और कमर्शियल सिलेंडरों के स्टॉक की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि जमाखोरी या कालाबाजारी मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद आष्टा की कई गैस एजेंसियों के गोदामों का भी निरीक्षण किया गया।

### कुछ कमर्शियल उपभोक्ताओं को फिलहाल सप्लाई बंद

ऑयल कंपनी के अनुसार अभी अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को छोड़कर अन्य वाणिज्यिक उपभोक्ताओं जैसे होटल, मॉल, फैक्ट्री और औद्योगिक इकाइयों को कमर्शियल गैस की आपूर्ति फिलहाल नहीं की जाएगी। जरूरी सेवाओं जैसे अस्पताल, स्कूल, पुलिस, सीआरपीएफ, डिफेंस और जेल आदि के लिए गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आकलन किया जा रहा है।

### एजेंसी संचालक बोले-गैस की कोई कमी नहीं

गैस एजेंसी संचालक मुस्तफा हुसैन ने बताया कि जिले में गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। लोग ओटीपी के लिए मोबाइल नंबर अपडेट कराने आ रहे हैं और अचानक ज्यादा कॉल या बुकिंग होने से सर्वर धीमा हो जाता है। उन्होंने कहा कि वेटिंग बुकिंग लगातार क्लियर की जा रही हैं और गैस की कोई कमी नहीं है।

## आज से खरमास प्रारंभ, नहीं होंगे मांगलिक कार्य: पंडित शर्मा

**सीहोर।** ग्रहों के राजा सूर्य देव प्रति माह राशि परिवर्तन करते हैं। भारतीय सनातन धर्म में सूर्य का राशि परिवर्तन महत्वपूर्ण माना गया है। मांगलिक कार्य के लिए सूर्यदेव उच्च अवस्था में होना चाहिए। पंडित सुनील शर्मा के अनुसार खरमास के दिनों में सभी प्रकार के शुभ मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। सूर्यदेव कुंभ राशि से 14 मार्च रात्रि में राशि परिवर्तन कर देवगुरु बृहस्पति की राशि मीन में प्रवेश करेंगे। जिससे खरमास का प्रारंभ होगा इसे मीन संक्रांति कहा जाता है। इस बार मीन संक्रांति पर एकादशी का भी सहयोग रहेगा। सूर्यदेव 14 अप्रैल तक मीन राशि में गोचर करेंगे। शास्त्र अनुसार सनातन धर्म में खरमास में मांगलिक कार्य करना वर्जित माना गया है। एक माह पश्चात जब सूर्यदेव सेनापति मंगल की मेष राशि में प्रवेश करेंगे तो खरमास पूर्ण हो जाएगा और खरमास पूर्ण हो जाने पर समस्त प्रकार के शुभ मांगलिक कार्य सगाई, विवाह,मुंडन, यज्ञोपवीत संस्कार, नवीन कारोबार, गृह प्रवेश प्रारंभ होंगे।

## चौथे दिन पारस विहार वाटिका पहुंची गणगौर, महिलाओं ने की पूजा-अर्चना



**सीहोर।** अग्रवाल महिला मंडल और माहेश्वरी महिला मंडल के तत्वावधान में दोनों के सहयोग से 10 दिवसीय गणगौर उत्सव की शुरुआत बीते दिनों हुई। उत्सव की शुरुआत शीतला सप्तमी में ज्वारे बोए जाते हैं। परंपरा अनुसार बोए जवारो का समापन तीज पर यानी गणगौर पर किया जाएगा। पर्व के चौथे दिन पारस विहार वाटिका में ढोल बाजे के साथ महिलाओं ने गणगौर निकाली।

गणगौर माता कि विधि विधान से से पूजा कर उनको ज्वारे अर्पित किए। साथ ही महिलाओं ने पारम्परिक गीत गाकर सर्व समाज की की महिलाएं सुख संमृद्धि की कामना की। महिला मंडल ने बताया कि गणगौर पर्व के दौरान महिलाएं गणगौर को बगीचे में ले जाई जाती जाती है। जिसमें सर्व समाज, माहेश्वरी, सोनी, ब्राह्मण, अग्रवाल समाज की महिलाएँ शामिल होती है। शुक्रवार को पारस वाटिका में अंजू अग्रवाल के यहां गणगौर का स्वागत किया।

पांचवे दिवस शनिवार को गणगौर गीत सोडानी के निवास स्थान बस स्टैंड जाएगी। माहेश्वरी समाज की सचिव रजनी बहेती ने सभी से आग्रह किया कि सभी मिलजुलकर गणगौर उत्सव मनाए। इस दौरान संगीता राठी, प्रतिभा झावर, शोभा चंडक, आभा कासट, ममता पितलिया, पुष्पा सोनी, मोहिनी, अध्यक्ष रुकमणी रोहिला और प्रेमलता रूठिया, संध्या मोदी, ज्योति मोदी, उमा भारतीय, संध्या कोहली, रश्मि अग्रवाल, मंजू बंसल, हेमा अग्रवाल, तारा अग्रवाल, मीना अग्रवाल, मंजू भारतीय, उषा अग्रवाल आदि उपस्थित रही।

## 9 दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान का समापन 27 मार्च को महानवमी पर होगा

# चैत्र नवरात्र 19 से : डोली पर सवार होकर आएंगी मां अंबे, शुभ संयोगों के बीच शुरू होगा नव संवत्सर 2083

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शक्ति की उपासना का महापर्व चैत्र नवरात्र आगामी 19 मार्च से शुरू होगा। इसी दिन से सनातन नववर्ष यानी नव संवत्सर 2083 का भी आगाज होगा। चैटी चांद का पर्व भी इस दौरान उत्साह के साथ मनाया जाएगा। चैत्र नवरात्रि को लेकर नगर के देवी मंदिरों से लेकर घर-घर में घटस्थापना और मां शक्ति की आराधना की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई हैं ।ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार मां अंबे का आगमन डोली में हो रहा है। जो सुख-समृद्धि का संकेत तो है, लेकिन साथ ही स्वास्थ्य और आर्थिक निवेश के मामलों में विशेष सावधानी बरतने का भी संदेश देता है। पंडित राजेश पौराणिक, संजय शर्मा और आयुष्मान तिवारी के अनुसार इस बार नवरात्र के पहले दिन दुर्लभ और शुभ संयोग बन रहे हैं। चैत्र प्रतिपदा के दिन शुक्ल योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और छत्र योग का त्रिवेणी संगम हो रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन शुभ योगों में की गई पूजा-पाठ और कलश स्थापना से साधक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और दुखों का नाश होता है। 9 दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान का समापन 27 मार्च को महानवमी के अवसर पर होगा। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा की जाएगी।

### नूतन संवत्सर 2083: गुरु होंगे 'राजा' और मंगल 'मंत्री'

पं. तिवारी के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिंदू नव वर्ष की शुरुआत होती है। इस बार वर्ष का राजा देवगुरु बृहस्पति और मंत्री मंगल होंगे। नए संवत्सर का नाम रौद्र होगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार गुरु के राजा होने से धार्मिक कार्यों में वृद्धि होगी। जबकि मंगल के मंत्री होने से साहसिक निर्णयों और भू-राजनीतिक गतिविधियों में तेजी देखी जा सकती है। नवरात्र के दौरान ही 21 मार्च को गौरी तृतीया (गणगौर तीज) का व्रत रखा जाएगा और रामनवमी पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

### मंदिरों में विशेष तैयारियां- 9 दिन रहेगी धूम

नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में मां दुर्गा मंदिर मंदिर, शीतला माता मंदिर, गायत्री मंदिर में साफ-सफाई और रंग-रोगन का कार्य किया जा रहा है। मंदिरों में सुबह से ही अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की जाएगी और प्रतिदिन विशेष श्रृंगार, महाआरती व नवचंडी पाठ का आयोजन होगा। इस दौरान नगर के दुर्गा मंदिर चौराहे पर स्थित मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी अखंड पाठ के आयोजन संपन्न होंगे।

पंडित संजय शर्मा के द्वारा यहां पर विशेष रूप से पूजन संपन्न की जाती है। महागौरी की आराधना करने के साथ ही प्रतिदिन विशेष पूजा अर्चना संपन्न होता है।

### गायत्री मंदिर में गूंजेंगे महामंत्र: 9 दिवसीय अखंड जप और यज्ञ

नगर के गायत्री मंदिर में पिछले कई वर्षों की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी यहाँ 9 दिवसीय अखंड गायत्री महामंत्र जप और हवन-यज्ञ का सिलसिला चलेगा। गायत्री शक्तिपीठ में कई साधक नौ दिनों तक कठिन व्रत का पालन करते हुए मंत्र साधना में लीन रहेंगे। प्रतिदिन गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र के साथ यज्ञ में आहुतियां दी जाएंगी जिससे संपूर्ण नगर का वातावरण शुद्ध और सकारात्मक बनेगा। मंदिर प्रबंधन के अनुसार सामूहिक साधना का उद्देश्य विश्व शांति और जन-कल्याण है। इसके अतिरिक्त नगर में भक्त अखंड ज्योत जलाकर दुर्गा सप्तशती का पाठ करेंगे। कई परिवारों में कुलदेवी की विशेष पूजा की भी परंपरा है। 19 मार्च को सुबह शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना के साथ ही नौ दिनों का यह तप शुरू हो जाएगा।

## शिविर लगाकर किया गया 675 बच्चों का टीकाकरण



**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 13 मार्च को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 496 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 179 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 83 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## खबर संक्षेप



### इंदौर ने यंग स्टार भोपाल को 88 रन से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर नगर सेठ स्व. गेंदालाल राय स्मृति लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत दो मुकाबले खेले गए। इसमें पहला मुकाबला इंदौर ने यंग स्टार भोपाल को 88 रन से हराया। वहीं एक अन्य रोमांचक मैच भोपाल क्रिकेट अकादमी और मयंक चतुर्वेदी अकादमी के मध्य खेला गया था। जिसमें भोपाल क्रिकेट टीम ने दो रन से शानदार जीत दर्ज की। जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अतुल त्रिवेदी ने बताया कि प्रतियोगिता के तीसरे दिन पहला मैच इंदौर और भोपाल के मध्य खेला गया था, जिसमें पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंदौर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 216 रन बनाए थे। इसमें नमन ने 21 रन, अगमय ने 35 रन, तनमय ने 51 गेंद पर शानदार विस्फोटक 102 रन और कृष्णा ने 24 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यंग स्टार भोपाल की टीम 19.1 ओवर में 128 रन ही बना सकी। इस प्रकार इंदौर की टीम 88 रन से जीती। इसके अलावा दूसरा मैच काफी रोमांचक रहा। जिसमें पहले बल्लेबाजी करने उतरी भोपाल क्रिकेट अकादमी टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 180 रन बनाए थे।

### खंभे की चिंगारी से किसान की सालभर की मेहनत जलकर खाक, एक पल में लाखों रुपए का हो गया नुकसान

# 11 केवी से बरसी आग, 10 एकड़ खेत में खड़ी गेहूं की फसल राख, दिन में भी चालू थी बिजली लाइन

### बिजली विभाग की लापरवाही पर उठे सवाल, चार गांव के ग्रामीणों और सरपंच की तत्परता से टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत छीपानेर में शुक्रवार दोपहर बिजली विभाग की कथित लापरवाही ने एक किसान की सालभर की मेहनत को कुछ ही मिनटों में राख कर दिया। खेत के ऊपर से गुजर रही 11 केवी बिजली लाइन से गिरी चिंगारी ने देखते ही देखते करीब 10 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल को आग की लपटों में समेट लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि किसान संभल भी नहीं पाया और पूरी फसल जलकर खाक हो गई। इस हादसे में किसान को लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे की है। ग्राम छीपानेर निवासी किसान रणबीर सिंह चौहान के खेत के बीचोंबीच 11 केवी बिजली लाइन गुजर रही है। इसी दौरान अचानक बिजली के पोल से चिंगारी गिरी और सूखी खड़ी गेहूं की फसल ने तुरंत आग पकड़ ली। तेज हवा के कारण आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया और देखते ही देखते करीब 10 एकड़ खेत जलकर खाक हो गया।

#### हड़कंपः चार गांव के ग्रामीण दौड़े, तब काबू हुई आग

आग लगने की खबर मिलते ही ग्राम पंचायत छीपानेर में हड़कंप मच गया। सरपंच शशिराज सिंह चौहान (लक्की बना) तत्काल मौके पर पहुंचे और पंचायत का पानी का टैंकर लेकर आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। उधर आसपास के गांवों में भी खबर फैलते ही चार गांवों के सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने झाड़ियों, टहनियों और उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग को आगे बढ़ने से रोकने की कोशिश की। पंचायत के टैंकर से लगातार पानी डाला गया। ग्रामीणों की तत्परता और सामूहिक प्रयास के चलते आग को आगे फैलने से रोक लिया गया। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आसपास के कई किसानों की खड़ी फसल भी इसकी चपेट में आ सकती थी और नुकसान कई गुना बढ़ सकता था।

#### दमकल पहुंची तब तक ग्रामीणों ने संभाल ली स्थिति

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग को भी जानकारी दी गई। करीब 20 मिनट बाद दमकल वाहन मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक ग्रामीणों और पंचायत की मदद से आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया था। दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर शेष बची आग को पूरी तरह बुझाया और स्थिति का जायजा लिया। हालांकि तब तक किसान रणबीर सिंह चौहान की करीब 10 एकड़ गेहूं की फसल पूरी तरह जल चुकी थी। घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम पंचायत छीपानेर के पटवारी और रानीपुरा-चोरसाखेड़ी के पटवारी भी मौके पर पहुंचे और नुकसान का मुआयना किया। प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

#### किसान का आरोप—दिन में बिजली चालू थी, इसलिए हुआ हादसा

घटना के बाद किसान रणबीर सिंह चौहान ने बिजली विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। किसान का कहना है कि खेत के ऊपर से गुजर रही 11 केवी लाइन से निकली चिंगारी के कारण उनकी पूरी फसल जलकर नष्ट हो गई। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा दिन में खेतों की बिजली सप्लाई बंद रखने के निर्देश दिए गए थे, इसके बावजूद लाइन चालू थी। यदि बिजली बंद रहती तो यह हादसा टल सकता था। किसान का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण उन्हें लाखों रुपए का नुकसान झेलना पड़ा है।

#### सरपंच ने उठाई मुआवजे की मांग

ग्राम पंचायत छीपानेर के सरपंच शशिराज सिंह चौहान ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे शासकीय स्कूल के पास खेत में अचानक आग लगने से किसान रणबीर सिंह चौहान की करीब 10 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई।उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि घटना की जांच कर किसान को तत्काल उचित मुआवजा दिया जाए। उनका कहना है कि किसान की सालभर की मेहनत कुछ ही मिनटों में राख हो गई, ऐसे में प्रशासन को तत्काल राहत देकर किसान की मदद करनी चाहिए।

#### क्या बोले अधिकारी

तहसीलदार सौरभ शर्मा ने बताया कि पटवारी द्वारा मौके का मुआयना कर रिपोर्ट तैयार की गई है। शासन के नियमानुसार उचित कार्रवाई करते हुए किसान को मुआवजा देने की प्रक्रिया की जाएगी।

वहीं बिजली विभाग के डी. राजेश अग्रवाल ने कहा कि खेतों और पंपों की बिजली सप्लाई बंद है। घटना की जानकारी आपके माध्यम से मिली है। 11 केवी लाइन चालू होने की बात सामने आई है, इस संबंध में गोपालपुर सब स्टेशन से जानकारी ली जा रही है।

## दशा माता पर पीपल का पूजनः महिलाओं ने बांधा डोरा, मांगी खुशहाल परिवार की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



होली के बाद आने वाली दशमी पर शुक्रवार को नगर सहित आसपास के गांवों में महिलाओं ने दशा माता व्रत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। सुबह से ही महिलाएं पीपल के पेड़ के नीचे एकत्रित हुईं और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि व कष्टों के निवारण की कामना की।

महिलाओं ने पीपल के वृक्ष पर जल अर्पित कर हल्दी, कुमकुम, सिंदूर और दही चढ़ाया। इसके बाद 10 गांठों वाला सूत का धागा (डोरा) पीपल के पेड़ पर बांधकर उसकी परिक्रमा की। परंपरा के अनुसार महिलाओं ने 10 परिक्रमाएं लगाईं और दशा माता की कथा श्रद्धापूर्वक सुनी। इस दौरान राजा नल-दमयंती की कथा का भी वाचन किया गया।

महिलाओं ने बताया कि मान्यता है कि दशा माता का व्रत करने से घर की विपरीत दशा दूर होती है और परिवार में सुख-शांति तथा समृद्धि बनी रहती है। इसी विश्वास के साथ महिलाओं ने पूजा कर अपने परिवार की खुशहाली और अखंड सौभाग्य की कामना की। पूजा के बाद परंपरा के अनुसार महिलाएं पीपल के पेड़ से छाल का छोटा सा टुकड़ा घर लेकर आईं और उसे घर के पूजा स्थल पर स्थापित किया। मान्यता है कि ऐसा करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है और परिवार पर आने वाली बाधाएं दूर होती हैं। नगर के सहित ग्रामीण अंचलों ओर विभिन्न मोहल्लों और मंदिरों के पास स्थित पीपल वृक्षों के नीचे सुबह से ही पूजा का सिलसिला चलता रहा।

महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर पूजा में शामिल हुईं और सामूहिक रूप से दशा माता की आराधना की। धार्मिक माहौल में भक्ति गीतों और कथा वाचन के साथ पूरे क्षेत्र में आस्था और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ था

### जिले की 272 बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी की वैक्सीन



**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (**HPV**) टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 13 मार्च को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 272 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है। इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा यह राष्ट्रव्यापी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान आगामी तीन माह तक पूरे देश में संचालित किया जाएगा।

## नेशनल लोक अदालत में बिजली व लंबित प्रकरणों के लिए मिलेगी छूट




**भैरुंदा।** आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में गुरुवार को जनपद पंचायत भैरुंदा (नसरूल्लागंज) के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसील विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश उषा तिवारी ने अधिकारियों, सरपंचों और सचिवों को लोक अदालत के महत्व और इसमें मिलने वाली छूट की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर प्रकाशचंद्र आर्य के निर्देशानुसार 14 मार्च 2026 को जिला और तहसील स्तर पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें न्यायालयों में लंबित और प्री-लिटिगेशन के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय कुमार अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और नसरूल्लागंज तहसील के सरपंच एवं सचिव मौजूद रहे।

**कई प्रकार के मामलों का होगा निराकरण :** लोक अदालत में आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरण, सिविल मामले, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक विवाद, चेक बाउंस सहित बैंक, बिजली और नगर परिषद के ऐसे मामले भी रखे जाएंगे जो अभी न्यायालय में दर्ज नहीं हैं। सभी पक्षकारों से अपील की गई है कि वे अपने मामलों के समाधान के लिए लोक अदालत में उपस्थित होकर समझौते की कार्यवाही कराएं।

#### बिजली मामलों में विशेष छूट

अध्यक्ष उषा तिवारी ने बताया कि लोक अदालत में विद्युत विभाग द्वारा विशेष छूट दी जा रही है। प्री-लिटिगेशन के बिजली प्रकरणों में उपभोक्ताओं को 30 प्रतिशत तक, जबकि न्यायालय में लंबित मामलों में 20 प्रतिशत तक की राहत मिलेगी। इसके अलावा नगर परिषद द्वारा भी नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन पक्षकारों को सूचना पत्र प्राप्त नहीं हुए हैं, वे भी लोक अदालत में पहुंचकर अपने मामलों का निराकरण करवा सकते हैं और विशेष छूट का लाभ उठा सकते हैं।

## मौत के दो हफ्ते बाद भी कार्यवाही शून्य निजी अस्पताल पर प्रशासन मेहरबान

### मरीज की मौत के बाद भी जांच कछुआ गति से, जिम्मेदार पर कब गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी




रेहटी स्थित निजी अस्पताल विजयासन हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मरीज की मौत के मामले में लगभग दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शुरुआत में जांच और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक मामला सिर्फ जांच के दायरे में ही घूमता नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम बोरघाटी निवासी मनीराम को तबीयत बिगड़ने पर रेहटी के निजी विजयासन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक टीम ने जांच कर दोषियों पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया था।

लेकिन अब लगभग दो हफ्ते बीतने को हैं और जांच की रफ्तार पर सवाल खड़े होने लगे हैं। मामले में पहले भी कई बार अधिकारियों ने "जांच जारी है" कहकर जवाब दिया, लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका कि आखिर दोषी कौन है और कार्रवाई कब होगी। इस मामले में बात करने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीहोर डॉ. सुधीर डेरिया ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच जारी है और संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट ली जा रही है। हालांकि इस बयान के बाद भी यह सवाल बना हुआ है कि लगभग दो सप्ताह बीत जाने के बावजूद जांच इतनी धीमी गति से क्यों चल रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मामला स्पष्ट होने के बावजूद जांच "कछुआ गति" से आगे बढ़ रही है। आरोप है कि जिस अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ नहीं था, वहां हृदय संबंधी समस्या वाले मरीज का इलाज किया गया और अंततः उसकी मौत हो गई। ऐसे में जांच में देरी कई तरह के सवाल खड़े कर रही है। लोग यह भी सवाल उठा रहे हैं कि कई गंभीर मामलों में पुलिस 24 घंटे के भीतर हत्या या डकैती जैसे मामलों का खुलासा कर देती है, लेकिन इस मामले में दो सप्ताह बाद भी जांच का कोई स्पष्ट परिणाम सामने नहीं आया है।

वहीं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर स्तर पर भी कार्रवाई को लेकर केवल पत्राचार और रिपोर्ट की प्रक्रिया चलने की बात कही जा रही है।

इस पूरी स्थिति को लेकर क्षेत्र में यह चर्चा भी है कि कहीं जांच को जानबूझकर लंबा तो नहीं खींचा जा रहा, ताकि समय बीतने के साथ मामला ठंडा पड़ जाए और निजी अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई का दबाव कम हो जाए।अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर इस मामले में जिम्मेदारी किसकी तय होगी और दोषियों पर कब कार्रवाई होगी, या फिर जांच के नाम पर मामला धीरे-धीरे फाइलों में दबकर रह जाएगा।

### जनगणना 2027 के लिए द्वितीय चरण का जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित



**सीहोर।** भारत की जनगणना 2027 के सफल संचालन एवं प्रभावी पर्यवेक्षण के उद्देश्य से जिले में द्वितीय चरण का जिला स्तरीय प्रशिक्षण जिला पंचायत सभाकक्ष एवं ई-दक्षता केंद्र में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में आगामी जनगणना के प्रथम चरण में प्रस्तावित मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 मई से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। जनगणना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चार्ज अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिन्हें जिला स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना निदेशालय की ओर से प्रशिक्षक एनसी रेजी एवं यशस्वी जायसवाल द्वारा जिले के ग्रामीण चार्ज अधिकारियों (तहसीलदारों) को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना से संबंधित प्रक्रियाओं, एमएमएस पोर्टल के संचालन एवं कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर एमएमएस पोर्टल पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही जिला जनगणना हस्त पुस्तिका, अनुसूची एवं प्रक्रिया प्रवाह के बारे में भी व्यावहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में प्रगणकों एवं सुपरवाइजर की सूची को एक्सेल के माध्यम से अपलोड कर नियुक्ति आदेश जारी करने की प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में तहसीलदार, जनगणना लिपिक, कंप्यूटर ऑपरेटर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा जिला जनगणना अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में संयुक्त कलेक्टर जमील खान सभी एसडीएम, तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक पात्र बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की। जिसमें सीहोर की 2,40,289 बहनों के खातों में 35 करोड़ 39 लाख 79 हजार 500 रूपये की राशि अंतरित की।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखंड खसरा नं.327/3/2, 508/327/3 का भाग 1000 वर्गफीट स्थित केशरीधाम ग्राम धूनाखुर्द तहसील व जिला सीहोर स्थित एक किता प्लाट को मेरी पक्षकारा श्रीमती कांता पति श्री लखन यादव ने क्रय किया था उक्त प्लाट की मूल रजिस्ट्री जो कि अनुराग शर्मा आ. सुरेशचंद्र शर्मा रजिस्ट्री नं.एम.पी. 350372023011699375 जिसे अनुराग शर्मा ने रीतेश राठौर आ. स्वराज राठौर से दिनांक 06.04.2023 को क्रय की गई थी उक्त रजिस्ट्री जो कहीं गुम हो गयी है यदि किसी के भी द्वारा उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई संव्यवहार, दान, गिरवी या अन्य भार या लेनदेन किया हो तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का कोई भार, प्रभार, ऋण इत्यादि निकलता है तो इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मयदस्तावेजी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर लिखित आपत्ति सहित प्रस्तुत करे, समयावधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।कृपया सूचित हो।

भवदीय, **अनमोल राठौर,**
अधिवक्ता जिला सीहोर
मो. 8085184049

### ग्रामीणों को मिलेंगी सामाजिक आयोजनों की सुविधा

# ग्राम सिराली में विधायक निधि से बनेगा भवन 20 लाख के मांगलिक भवन का भूमि-पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



लाड़कुई मंडल क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिराली में शुक्रवार को 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाले मांगलिक भवन का विधिवत भूमि पूजन किया गया। यह भवन विधायक निधि से स्वीकृत हुआ है। भूमि पूजन कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष पवन मीणा की उपस्थिति में विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ, जिसमें जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भाग लिया।

मंडल अध्यक्ष पवन मीणा ने बताया कि बुधनी विधानसभा के विधायक रमाकांत भार्गव के नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। इसी कड़ी में ग्राम सिराली में मांगलिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को सामाजिक और पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि लाड़कुई मंडल क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में विकास कार्यों को गति मिली है। ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सड़क निर्माण से लेकर आंगनवाड़ी केंद्र, स्कूल भवन और ग्राम पंचायत भवन जैसे कई निर्माण कार्य किए गए हैं। इसके साथ ही किसानों की सुविधा के लिए खेत सड़कों का भी निर्माण कराया गया है, जिससे खेती और परिवहन कार्य आसान हो सके।

मंडल अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों का उद्देश्य यह है कि गांवों में रहने वाले किसान, महिलाएं, बच्चे और आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। मांगलिक भवन बनने से गांव में धार्मिक, विवाह, सामाजिक कार्यक्रम, बैठकें और अन्य आयोजनों के लिए एक स्थायी स्थान उपलब्ध होगा, जिससे ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने निर्माण कार्य जल्द शुरू करने और समय पर पूर्ण कराने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में गांव के वरिष्ठ नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर संतोष व्यक्त किया।

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह ठाकुर, सरपंच प्रतिनिधि अमित यादव, कचरू पटेल, विष्णु यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में विकास कार्यों की निरंतरता की उम्मीद जताई।

## आईएएस अधिकारियों से संपर्कों का हवाला देकर बेरोजगारों को झांसे में लेता था

# लग्जरी शौक पूरा करने युवाओं से ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार




### पशुपालन लोन स्वीकृत करवाने के नाम पर भी करता था ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏩ राजगढ़

भोलेभाले बेरोजगार युवाओं को आईएएस अधिकारियों से अच्छी पेठ और सपंर्कों का हवाला देकर लाखों की ठगी करने वाले आरोपी बंटी उर्फ कृष्णमोहन वर्मा निवासी बाराद्धारी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस की विवेचना में यह तथ्य भी सामने आया है कि आरोपी बंटी ठगी से मिलने वाले रुपयों से अपने मंहगे शौक पूरे करते हुए लग्जरी लाइफ जी रहा था। उसने इसी राशि से अनेकों मंहगे घरैलू, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित अन्य लग्जरी सामान खरीदे। पुलिस ने उन सामानों को भी जब्त कर लिया है। अधिकतर मामलों में आरोपी बंटी नौकरी व पशुपालन पर लोन दिलाने का झांसा बेरोजगारों को दिया करता था।

### ऐसे सामने आया था मामला

राजगढ़ के ही वार्ड-14 बाराद्धारी निवासी सुनील पिता शिवनारायण नागर एवं नानूराम पिता अमरलाल सुतार ने अपने साथ हुई ठगी संबंधी शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने उस समय आवश्यक धाराओं में एफआईआर पंजीबद्ध करते हुए मामला जांच में लिया। विवेचना के दौरान सामने आया कि आरोपी बंटी उर्फ कृष्ण मोहन पिता रतनलाल वर्मा निवासी बाराद्वारी राजगढ़ लोगों को यह विश्वास दिलाता था कि उसकी वरिष्ठ अधिकारियों से अच्छी पहचान है और वह वन विभाग सहित अन्य विभागों में नौकरी लगवा सकता है। आरोपी बंटी ने इसी तरह के झांसे देकर बेरोजगारों से अलग-अलग समय पर करीब 70 लाख रुपए ठगे। कुछ राशि नकद तो कुछ खातों में ट्रांसफर करवाई।


पूर्व आईएएस के नाम पर नौकरी लगवाने का झांसा

नौकरी के नाम पर ठगी! आरोपी पर 1 करोड़ से ज्यादा हड़पने का आरोप

5 से 15 लाख की करता था वसूली

पुलिस जांच के घेरे में ये बिंदु
- बैंक ट्रांजेक्शन और खातों की जांच
- कॉल रिकॉर्ड और चैटिंग की पड़ताल
- क्या किसी अधिकारी की मिलीभगत?
- और कितने बेरोजगार बने शिकार?

ऐसे देता था नौकरी का झांसा

इनका कहना है...

### वल्लभ भवन में अच्छे संपर्कों का देता था हवाला

आरोपी पीड़ितों को कई बार भोपाल के वल्लभ भवन लेकर जाता था और उन्हें बाहर बैठाकर यह कहता था कि अधिकारियों से बात हो गई है और जल्द ही नौकरी की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इस प्रकार आरोपी लंबे समय तक झूठे आश्वासन देकर लोगों को गुमराह करता रहा। इसके अतिरिक्त आरोपी द्वारा कुछ व्यक्तियों को नाबार्ड के माध्यम से लगभग 1 करोड़ 35 लाख रुपये का पशुपालन लोन स्वीकृत करवाने का झांसा देकर भी उनसे रुपये लिये गये।

### बेरोजगार युवकों को बनाया निशाना

विवेचना में यह भी सामने आया कि आरोपी द्वारा मुख्य रूप से "आर्थिक रूप से कमजोर बेरोजगार युवकों को नौकरी व लोन दिलाने का झांसा देकर उनसे रुपये प्राप्त किये गये"।

### पुलिस ने यह माल किया जब्त

पुलिस ने आरोपी के पास से 90 हजार रुपए नकद जब्त किए वहीं बैंक में 5 लाख 25 हजार रुपए के गोल्ड लोन पर होल्ड लगवाया। एक अन्य प्रकरण में 30 हजार नकद, सोने की अंगूठी, कान के टाप्स, ज्वेलरी के बिल जब्ती में लिए गए हैं। इसके साथ ही उसके घर से 2 एसी, 02 एलईडी, 01 वाशिंग मशीन, कूलर, फ्रीज सहित अन्य सामान जब्ती में लिया।

---

रेड क्रॉस सोसाइटी की सेवा भावी पहल बनी चर्चा का विषय

# पोस्टमार्टम रूम के बाहर 'परिजन विश्राम स्थल' का निर्माण, नगर को मिला मर्चुरी

हरिभूमि न्यूज ⏩ नरसिंहगढ़



मानव सेवा और सामाजिक संवेदनशीलता के लिए जानी जाने वाली संस्था भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की उप शाखा नरसिंहगढ़ द्वारा जनहित में की गई एक महत्वपूर्ण पहल इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। संस्था द्वारा शोकग्रस्त परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पोस्टमार्टम रूम के बाहर 20×30 फीट का विशाल शेड बनाकर "परिजन विश्राम स्थल" का निर्माण कराया गया है।

यह कार्य उप शाखा नरसिंहगढ़ के अध्यक्ष एवं एसडीएम सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन और निर्देशन में तथा जिला शाखा राजगढ़ के सचिव एड. संजय शेखर शर्मा के विशेष प्रयासों से पूर्ण हुआ है। पूर्व में पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के परिजनों को लंबे समय तक धूप, बारिश और अन्य प्रतिकूल परिस्थितियों में खड़े रहकर इंतजार करना पड़ता था, जिससे उन्हें काफी असुविधा होती थी। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा यह मानवीय पहल की गई और पोस्टमार्टम रूम के बाहर एक सुसज्जित शेड का निर्माण कराया गया, जिसे "परिजन विश्राम स्थल" नाम दिया गया है। अब यहां परिजनों को बैठने और ठहरने की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, जिससे उन्हें कठिन समय में कुछ राहत मिल सकेगी। इसी के साथ रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नगर में मर्चुरी फ्रीजर की व्यवस्था भी की गई है। अब तक नरसिंहगढ़ क्षेत्र में डेड बॉडी को सुरक्षित रखने के लिए ऐसी कोई सुविधा उपलब्ध नहीं थी, जिसके कारण कई बार परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा नगर के लिए एक मर्चुरी फ्रीजर क्रय किया गया है, जिससे आवश्यकता पड़ने पर शव को सुरक्षित रखा जा सकेगा।

रेड क्रॉस सोसाइटी की इस पहल को क्षेत्रवासियों ने मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा सराहनीय कदम बताया है। संस्था के पदाधिकारी का कहना है कि रेड क्रॉस का मूल उद्देश्य संकट और कठिन परिस्थितियों में लोगों की सहायता करना है और इसी भावना को ध्यान में रखते हुए भविष्य में भी ऐसे जनसेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।

रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव संजय शेखर शर्मा ने बताया गया है कि आने वाले समय में संपूर्ण राजगढ़ जिले में भी इस प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है ताकि आमजन को आवश्यकता के समय बेहतर सहयोग मिल सके।

---

हाईवे अथॉरिटी द्वारा करवाया जा रहा यह कार्य

# रिज इन्सपेक्शन मशीन से परखी नेवज पुल की गुणवत्ता



हरिभूमि न्यूज ⏩ राजगढ़

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा हाईवे स्थित सभी बड़े ब्रिजों की क्वालिटी चेक करवाई जा रही है ताकि अगर कहीं कोई खामी हो तो उसे दूर किया जा सके। इसी कड़ी में हाईवे अथॉरिटी द्वारा गुरुवार को मुख्यालय स्थित नेवज नदी के बड़े पुल की जांच के लिए ब्रिज इन्सपेक्शन मशीन भिजवाई गई।

इस मशीन के द्वारा पुल के पिलरों को चेक किया गया कि कहीं उनमें किसी तरह की दरार या मरम्मत की आवश्यकता तो नहीं है। मशीन संचालन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि न केवल नेवज नदी बल्कि जिले की सीमा में विभिन्न नदियों पर बने अधिक ऊंचाई वाले पुलों का इन्सपेक्शन मशीन से करवाए जाने के निर्देश मिले हैं। जिन पुलों की क्वालिटी या मेंटनेन्स को मजदूरों द्वारा रूटीन तरह से नहीं परखा जा सकता, उन पुलों का इन्सपेक्शन इस मशीन के द्वारा करवाया जाता है। मशीन से करवाई गई इस जांच में पुल के पिलर, ऊपरी सतह में किसी तरह की कोई खामी, गड़बड़ी या मरम्मत की आवश्यकता सामने नहीं है।

### हाईवे के दोहरीकरण के समय बनवाया गया था यह पुल

आपको बतादें कि साल 2016 में मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कारपोशन(एमपीआरडीसी) द्वारा ब्यावरा से राजस्थान सीमा तक हाईवे का दोहरीकरण करवाया गया था। इसी दौरान आवश्यकता को देखते हुए नेवज नदी पर पूर्व से स्थित ब्रिज के पेरेलर लेकिन अधिक ऊंचाई पर इस पुल को बनाया गया था।

---

ढाबला गांव में घटना हुई

# सिंचाई करते में करंट फैलने से 2 चचेरे भाइयों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏩ राजगढ़

जिले के बोड़ा क्षेत्र के तहत आ रहे ढाबला गांव में गुरुवार को बड़ी अनहोनी सामने आई। खेत में सिंचाई करने के दौरान करंट फैलने से दो चचेरे भाईयों की दुःखद मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लिखकर पंचनामा उपरान्त उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार ढाबला गांव निवासी कमल पिता मानसिंह उम्र 35 वर्ष खेत में सिंचाई कर रहे थे। इस दौरान खेत में भरे पानी में अचानक करंट फैलने से कमल अचेत होकर तड़पने लगे। अपने भाई को तड़पता देख समीप ही खड़े उनके चचेरी भाई देवीसिंह उम्र 45 वर्ष उन्हें बचाने के लिए दौड़े लेकिन वे भी करंट की चपेट में आ गए और दोनों भाईयों का दुःखद प्राणांत हो गया।

### मोटर या तार में खराबी

पुलिस की शुरूआती जांच में विद्युत मोटर और उससे जुड़े तार में कट(खराबी) होनी की बात सामने आई है। पुलिस घटना की पूरी जांच में लगी हुई है। पोस्टमार्टम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिए गए। घटना के बाद न केवल ढाबला बल्कि समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

---

# हाईवे की सरकारी जमीन पर निजी रास्ता बनाने की तैयारी

## सेमलखेड़ी पुलिया के पास पाइप रखे, प्रशासन पर सवाल




**कुरावर।** नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर सेमलखेड़ी पुलिया के पास हाईवे की शासकीय भूमि से निजी रास्ता बनाने की कोशिश का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक निजी भूमि स्वामी अपनी जमीन तक सीधा रास्ता निकालने के लिए नेशनल हाईवे की अधिग्रहित सरकारी जमीन का उपयोग करने का प्रयास कर रहा है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है और प्रशासन से कार्रवाई की मांग उठने लगी है।

### क्या है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार कुरावर नगर से लगे ग्राम सेमलखेड़ी पुलिया के पास स्थित नेशनल हाईवे की सर्वे भूमि क्रमांक 854 (एस) में दर्ज लगभग 0.0380 हेक्टेयर (करीब 4000 वर्गफीट) भूमि पूरी तरह शासकीय है और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिग्रहण में आती है। इस स्थान से करीब 200 फीट दूरी पर एक निजी कृषि भूमि स्थित है, जिसका रास्ता राजस्व अभिलेखों में पीछे की ओर से दर्ज है और वर्तमान में पगडंडी के रूप में उपयोग होता आ रहा है।

### इनका कहना है

जब इस मामले में नरसिंहगढ़ एसडीएम सुशील कुमार से बात की गई तो उन्होंन कहा कि उन्हें इस संबंध में मुझे फिलहाल कोई जानकारी नहीं है और नेशनल हाईवे की अधिग्रहित भूमि पर रास्ता देने का अधिकार उनके पास भी नहीं है। ऐसे में अब सवाल उठ रहा है कि क्या प्रशासन इस पूरे मामले की जांच कर सच्चाई सामने लाएगा या नहीं।

---

# शासकीय कन्या उमावि में 68.22 लाख से बनेगा प्रयोगशाला कक्ष

छात्राओं को मिलेगी आधुनिक सुविधा



**नरसिंहगढ़-** शासकीय कन्या उमावि में छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 68.22 लाख रुपये की लागत से प्रयोगशाला कक्ष का निर्माण किया जाएगा। गुरुवार को विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भवन निर्माण कार्य का विधायक मोहन शर्मा द्वारा विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर संसाधन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला कक्ष के निर्माण से छात्राओं को विज्ञान विषय की पढ़ाई में विशेष सुविधा मिलेगी।

### विज्ञान प्रदर्शनी का किया अवलोकन

कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने विद्यालय की छात्राओं द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। छात्राओं ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों के माध्यम से विज्ञान के सिद्धांतों को प्रस्तुत किया, जिसकी अतिथियों ने सराहना की।

---

# मां सरस्वती एकेडमी में वार्षिक उत्सव पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



**जीरापुर** - मां सरस्वती एकेडमी में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव एवं पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। जहां पर स्कूली बच्चों द्वारा संगीत पर मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की गई। छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति के गीतों, मालवी , राजस्थानी झलकियों के साथ नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी। वहीं स्वस्थ शरीर के लिए कुछ बच्चों द्वारा योग एवं शारीरिक व्यायाम का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। विगत शैक्षणिक सत्र के दौरान कक्षा 10 वीं के छात्र योगेश बैरागी द्वारा जिले की प्रावीण्यता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर संस्था प्राचार्य सुरेश कुमार सुमन द्वारा 21 हजार रुपए की नकद राशि एवं प्रबंधक अतुल कुमार गौड़ व अध्यापिका सरिता बैरागी द्वारा भी नकद राशि पुरस्कार स्वरूप भेंट की गई छात्र को नकद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में भूतपूर्व सैनिक संगठन जिला अध्यक्ष हिन्दू सिंह दांगी, खिलचीपुर ब्लाक अध्यक्ष मुकेश दांगी, कोषाध्यक्ष दिनेश सेन, विष्णु सुमन ,बी.ई.ओ. राम बाबू पाटीदार, बी.आर.सी. गजेन्द्र शर्मा अतिथि के रूप में एवं विजय कुमार गुप्ता ,दिलीप टेलर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

---

# जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण व गणना का प्रशिक्षण संपन्न

**गुना।** आगामी जनगणना 2027 के अंतर्गत गुना जिले में मकान सूचीकरण ब्लॉक के गठन हेतु जिला प्रभारी मनोज कनाडे एवं उनके सहयोगी राकेश मीणा द्वारा एक दिवसीय महत्वपूर्ण हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यशाला गुना में आयोजित की गई। प्रशिक्षण में चार्ज अधिकारियों एवं जनगणना लिपिकों को मकान सूचीकरण ब्लॉक के चिन्हांकन एवं सीमांकन के साथ-साथ अन्य तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई। इस दौरान गणना कार्य से संबंधित प्रक्रियाओं, आवश्यक सावधानियों तथा पोर्टल पर कार्य करने की विधि से भी अवगत कराया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य को त्रुटिरहित तथा निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करना है। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को फील्ड में कार्य करते समय आने वाली व्यावहारिक समस्याओं एवं उनके समाधान के बारे में भी विस्तार से बताया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

गैस वितरकों के साथ बैठक में कलेक्टर के निदेश

# गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वालों पर की जाएगी एफआईआर



**राजगढ़।** जिले में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा हेतु कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी एवं जिला आपूर्ति अधिकारी श्री अजीत सिंह द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की सभी गैस एजेंसियों के संचालकों से विस्तृत जानकारी ली गई। इस दौरान घरेलू एवं व्यवसायिक गैस कनेक्शन, गैस रिफिलिंग की स्थिति, गैस आपूर्ति में आने वाली संभावित समस्याओं तथा एजेंसियों में उपलब्ध वर्तमान स्टॉक की समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि प्रत्येक गैस एजेंसी को अपने पास उपलब्ध सिलेंडरों के स्टॉक की जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। इस व्यवस्था का पालन सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी संबंधित एसडीएम एवं एसडीओपी को दी गई है। साथ ही कहा कि यदि कहीं गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी। बैठक में पाइप्ड नेचुरल गैस के प्रचार-प्रसार पर भी विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने थिंक गैस एजेंसी से जिले में पीएनजी कनेक्शन की कम संख्या के संबंध में जानकारी ली एवं कनेक्शनों की कम संख्या पर नाराजगी जाहिर की।

**दुकानों पर इस्तेमाल न हो घरेलू गैस:** एसपी श्री तोलानी ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में नहीं होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी गैस एजेंसी के बाहर लोगों की अनावश्यक लंबी कतार लगती है, तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दी जाए, ताकि समय रहते व्यवस्था बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही के कारण जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी

---

नृत्य प्रस्तुत किया गया

# सेवा सदन में फाग उत्सव टेटवाल ने दी शुभकामनाएं

**सारंगपुर।** फागुन मास के पावन अवसर पर सेवा सदन में फाग उत्सव का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने कहा कि फागुन मास में प्रकृति का बासंती सौंदर्य चारों ओर दिखाई देता है। पलाश के केसरिया रंग, तरह-तरह के फूलों का खिलना और रंग-बिरंगे फूलों से धरती का श्रृंगार तन-मन में विशेष उत्साह और उमंग पैदा करता है। उन्होंने कहा कि फागुन में राधा और कृष्णा की रंग-गुलाल, अबीर, केसर और फूलों वाली आनंदमयी होली परस्पर प्रेम, स्नेह और समर्पण का संदेश देती है। प्रकृति में रंगों का विशेष महत्व है, जो हमारे जीवन को खुशहाल बनाते हुए आपसी संबंधों और परंपराओं को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ राधा-कृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया




गया। इस दौरान राधा-कृष्ण की सुंदर झांकी पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। नगर की धार्मिक महिला भजन मंडली द्वारा होली के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं और फूलों की होली खेली गई। "आओ हम खेलें सभी मिल होली" और "आओ हम खेलें फूलों की होली" जैसे भजनों ने वातावरण को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना वर्मा, रेखा टेटवाल, किरण भल्ला, रजनी व्यास, थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा, शकुंतला बामनिया (पचोर) सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

---

# राजगढ़ में बाबा बदख्सानी दरगाह का 112वां सालाना उर्स शुरू

## ग्राहकों के लिए सज गई 400 से ज्यादा दुकानें ,आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ⏩ ब्यावरा



राजगढ़ स्थित सूफी बाबा बदख्सानी दरगाह शरीफ में 112वें सालाना उर्स की शुरुआत 10 मार्च से हो चुकी है, जो 18 मार्च तक जारी रहेगा। उर्स के अवसर पर दरगाह परिसर में जायरीन की भारी भीड़ उमड़ रही है। अकीदतमंद बाबा बदख्सानी की बारगाह में चादर व फूल पेश कर अमन-चैन और खुशहाली की दुआएं मांग रहे हैं।

उर्स के दौरान दरगाह में महफिल-ए-समा यानी कव्वाली की महफिलें भी सज रही हैं, जहां सूफियाना कलाम से पूरा माहौल रूहानी हो उठा है। वहीं मेले में बाहर से आए दुकानदारों की दुकानें और मनोरंजन के झूले भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

**121 के अधिक सीसीटीवी लगाकर प्रशासन ने बढाई सुरक्षा :** उर्स के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। दरगाह परिसर में 121 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा पुलिस चैकी भी स्थापित की गई है, ताकि किसी भी तरह की घटना से बचाव किया जा सके।




**नवनियुक्त सदर ने हिंदू-मुस्लिम वॉलंटियर को सौंपी कई जिम्मेदारियां:** इस बार दरगाह शरीफ वक्फ बोर्ड के नवनियुक्त सदर मोहम्मद हाफिल इलियास सिद्दीकी के नेतृत्व में नई कमेटी उर्स की व्यवस्थाएं संभाल रही है। व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के लिए परिसर में जगह-जगह डस्टबिन और फायर एक्सटिंग्विशर भी लगाए गए हैं। साथ ही हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के वॉलंटियर को भी अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री के नाम संयुक्त मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीइटी) 2026 को लेकर जिले के विभिन्न शिक्षक संगठनों ने मध्यप्रदेश सरकार से परीक्षा स्थगित करने और इस विषय में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग की है। इस संबंध में संयुक्त मोर्चा, जिला सीहोर के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा आदेश क्रमांक 356 दिनांक 02 मार्च 2026 जारी कर शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 एवं आगामी सत्र में शिक्षकों को सम्मिलित होने के निर्देश दिए गए हैं। संयुक्त मोर्चा का कहना है कि प्रदेश में वर्ष 1998 से 2003 के बीच नियुक्त हुए शिक्षक विभागीय नियमों और मापदंडों के आधार पर नियुक्त किए गए थे। इसके बाद वर्ष 2005 और 2008 में संविदा शाला शिक्षक, शिक्षाकर्मी और गुरुजी की पात्रता परीक्षाएं आयोजित की गई थीं, जिन्हें उत्तीर्ण करने के बाद ही शिक्षकों की नियुक्ति की गई। संयुक्त मोर्चा के अनुसार वर्ष 2011 के बाद नियुक्त शिक्षक पहले ही शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर चयनित हुए हैं और कई शिक्षक पिछले 20 से 22 वर्षों से अध्यापन कार्य कर रहे हैं। ऐसे में वर्तमान आदेश से प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख शिक्षक प्रभावित हो सकते हैं। संयुक्त मोर्चा ने यह भी बताया कि जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की है और निर्णय आने तक परीक्षा स्थगित रखी गई है। इसी आधार पर मध्यप्रदेश सरकार से भी अनुरोध किया है।

विधायक कार्यालय पहुंचे मुनिश्री, संघ के सभी श्रावकों का किया स्वागत

# जब व्यक्ति ऊंचाई पर पहुंच कर आगे बढ़ता है, तब उसके पर काटने वाले आगे मिलेंगे

उपस्थित धर्मानुरागी श्रावकों को अमृत वचन के माध्यम से मुनिश्री ने कहा की हम भगवान महावीर स्वामी के धर्म का अनुयायीकरण कर रहे हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सभी धर्मों,धर्म गुरुओं,संतो के प्रति विनम्रता,सम्मान का भाव रखने वाले आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की विनती पर दिव्योदय तीर्थ श्री दिगम्बर जैन मंदिर में विराजित पूज्य मुनिश्री 108 श्री साध्य सागर जी महाराज आज प्रातः आफिसर्स कॉलोनी स्थित विधायक कार्यालय पहुंचे। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर नंगे पैर मुनिश्री को लेने पहुंचे। विधायक कार्यालय पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने मुनिश्री के पाद पक्षालन कर वंदन कर आशीर्वाद लिया ।विधायक कार्यालय पर उपस्थित धर्मानुरागी श्रावकों को अमृत वचन के माध्यम से मुनिश्री ने कहा की हम भगवान महावीर स्वामी के धर्म का अनुयायीकरण कर रहे हैं । उनके बताये मार्ग पर चल रहे हैं, और मार्ग पर चलते-चलते ही एक दिन किलेरामा के पास अचानक विधायक गोपालसिंह जी हमें मिले । उन्होंने वंदन कर आशीर्वाद लिया और संयोग रहा कि आज भी वह हमें रास्ते में मिले । ये एक ऐसा संयोग रहा कि एक मुलाकात ने दूसरी बार मुलाकात करा दी। टीचर में जो रिजुता होती है,वो ही टीचर का परिणाम है कि यह इन्हें विधायक बना दिया हैं। शिक्षक का मतलब है गुरु, जो सबको पढ़ाते हैं,शिक्षा देते है । जो व्यक्ति रिजुता के साथ जीवन जीते हैं, सरलता ओर विनम्रता के साथ जीवन जीते है। सबके दिन एक समान नही होते है ओर ना ही एक जैसे भी नहीं होते है । एक छोटी सी भेंट,चर्चा में विधायक गोपालसिंह जी ने हमें बताया था कि 20 साल तक उन्होंने कड़ी तपस्या और मेहनत की है ।मुनि श्री ने कहा कि जब जीव का पुण्य धर्म के साथ बढ़ता जाता है,तब उसके साथ अन्य लोग जुड़ते जाते हैं । एक बात हमेशा ध्यान रखना की जब भी ऊंचाई पर पहुँचोगे ओर आगे बढ़ोगे तब आपके पर काटने वाले भी उसके पहले आपको मिलेंगे, लेकिन वो आपके पर नहीं कट पायेंगे बस आपको पुण्य बड़ा कर, धर्म करते हुए आगे बढ़ते जाना है । मुनिश्री ने श्रावकों से कहा ये अच्छे व्यक्ति है,इनका साथ मत छोड़ना। मुनिश्री ने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर से कहा की नगर में जो भी संत आये,सभी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेते रहना।

गुरु चरणों में बैठे विधायक को मुनिश्री ने एक शिक्षा भी दी, कि वह जिस पद पर है उस पद के माध्यम से जनता के साथ न्याय करना,नीति का पालन करना, धर्म के ऊपर चल कर आगे बढ़ते रहना। इस अवसर पर विधायक कार्यालय पहुंचे श्रावकों का विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत और सम्मान किया तथा गुरु वंदन कर उनकी आरती उतारी । विधायक सहित सभी श्रावकों ने श्रीफल भेंट किया । इस अवसर पर भजन गायक शरद जैन ने गुरु वंदना प्रस्तुत की। विधायक इंजीनियर ने अपने संबोधन में कहा कि मेरा शुरू से ही जैन धर्म सहित अन्य धर्म के साधु संतों गुरुओं में आस्था रही है। इसीलिए जो भी साधु संत नगर में पधारते है,में प्रयास करता हु की उनके दर्शन,वंदन कर उनके आशीष वचनों को श्रवण करूं। गुरुओं का आशीर्वाद शुरु से मिलता रहा है। आज हमारे कार्यालय में कठोर तपस्या करने वाले पूज्य मुनिश्री साध्यसागर जी महाराज पधारे हैं। उनकी कृपा न केवल हम पर अपितु विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों सहित प्रदेश एवं देश की जनता पर हमेशा बनी रहे में गुरुदेव से यही विनती करता हु । इस अवसर पर दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष आनन्द पोरवाल ने समाज की ओर से विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का स्वागत सम्मान कर प्रभु श्रीराम जी की मूर्ति स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की । कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र जैन शिक्षक ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित श्वेतांबर, दिगंबर जैन समाज के व अन्य धर्म के बंधु बड़ी संख्या में विधायक कार्यालय पर उपस्थित रहे। विधायक कार्यालय से मुनिश्री के रवाना होने पर विधायक स्वयं नंगे पैर चलते हुए मुनि श्री को किला जैन मंदिर तक छोड़ने गए। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने सभी श्रावकों का आभार व्यक्त किया कि उनके छोटे से निवेदन पर वह सब विधायक कार्यालय पहुंचे और उन्हें संघ सेवा करने का अवसर प्रदान किया।

# विधायक और पीएचई अधिकारी से लगाई गुहार, फिर भी पानी के लिए भटक रहे ग्रामीण

**चुनाव में किए वादे नहीं हुए पूरे**



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

जनपद पंचायत आष्टा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कुरली कला के ग्राम नानजीपुरा में पीएचई विभाग के अधिकारी व ठेकेदार की लापरवाही के कारण ग्राम के लोग पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। इस ग्राम में नल जल योजना पूरी तरह बंद पड़ी हुई है।

पिछले साल ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर व पीएचई विभाग को आवेदन देकर अवगत कराया था। जिस पर एसडीओ वह ब्लॉक समन्वय मंगलेश दुबे द्वारा ग्राम में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या को सुना था। व ठेकेदार को निर्देशित किया था कि ग्राम में जहां-जहां पाइपलाइन फूटी है। उसको तुरंत दुरुस्त किया जाए। लेकिन ठेकेदार द्वारा ग्राम में जहां पाइपलाइन फूटी थी वहां पर केवल गड्ढे खोद दिए। पाइपलाइन को दुरुस्त नहीं किया गया। वही पिछले 6 महीने से पीएच ई विभाग द्वारा लगाई गई मोटर जली पढ़ी है। जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए खेत, कुआ, बोर से पानी लाना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीण जन बहुत परेशान है। वही ग्रामीणों का कहना है कि देश को आजाद हुए 70 साल हो गए हैं। लेकिन ग्रामीण जन आज भी मूलभूत सुविधाओं से दूर हैं। ना तो हमारे गांव में पक्की सड़क है, ना पीने का पानी है। हमने चुनाव के समय मतदान का बहिष्कार भी क्या था। तब हमें जनप्रतिनिधि व अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया था कि आपके गांव में पक्की सड़क बनवा दी जाएगी। लेकिन आज तक ग्राम में पक्की सड़क नहीं बनी है।

जिससे ग्रामीणों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आखिर इन दूर दराज के गांव के लोगों से वोट लेने के बाद भी उनकी तरफ कोई ध्यान नहीं देते हैं। लोगों की मांग है कि हमारे गांव में पक्की सड़क बनवा जाए वह नल जल योजना को चालू करवाया जाए जिससे गर्मी के दिनों में ग्राम वासियों को परेशान ना होना पड़े। ग्राम पंचायत कुरलीकला सरपंच अर्जुन सिंह मालवीय ने बताया कि कई बार एसडीओ मैडम को अवगत कराया गया, लेकिन उन्होंने अभी तक गांव की तरफ ध्यान नहीं दिया। गर्मी का मौसम चालू हो गया है। ग्रामीण पानी के लिए बहुत परेशान है।

# श्रद्धा-भक्ति के साथ महिलाओं ने रखा दशा माता व्रत, पीपल के वृक्ष की पूजा कर मांगी सुख-समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के शास्त्री स्कूल परिसर स्थित पीपल वृक्ष के समीप प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी होली पर्व के उपरांत दशमी तिथि पर महिलाओं द्वारा श्रद्धा, आस्था और विधि-विधान के साथ दशा माता व्रत और पूजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने एकत्रित होकर पीपल वृक्ष की पूजा-अर्चना की तथा अपने परिवार में सुख-शांति, समृद्धि और घर की दशा में सुधार की कामना की।परंपरा के अनुसार महिलाओं ने प्रातःकाल स्नान कर व्रत धारण किया और पीपल वृक्ष के समीप एकत्रित होकर पूजन किया। महिलाओं ने कुमकुम, अक्षत, हल्दी, नाड़े की आटी, धूप और कपूर से पीपल वृक्ष की विधिवत आरती की।

इसके बाद कच्चे सूत के धागे से पीपल वृक्ष के चारों ओर दस बार परिक्रमा कर धागा लपेटते हुए दशा माता से परिवार की सुख-समृद्धि और घर की मंगलमय दशा की प्रार्थना की। इस अवसर पर मां संतोषी माता मंदिर की पुजारन माताजी भारतीय प्रभुलाल कुशवाहा ने दशा माता व्रत के ग्रंथ का विधिवत पाठ कर उपस्थित महिलाओं को कथा सुनाई तथा व्रत की महिमा और उसकी धार्मिक परंपरा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्रद्धा और नियमपूर्वक किया गया दशा माता व्रत परिवार की उन्नति, सुख-शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करता है तथा घर-परिवार की विपरीत परिस्थितियों को दूर करता है।कार्यक्रम में अखिल भारतीय कुशवाहा महिला महासभा की प्रदेश उपाध्यक्ष गीता नरेंद्र कुशवाहा प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

उन्होंने इस अवसर पर कहा कि भारतीय संस्कृति में व्रत और पूजा की परंपराएं परिवार और समाज को जोड़ने का कार्य करती हैं। दशा माता का व्रत महिलाओं की आस्था का प्रतीक है, जिससे परिवार में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की जाती है। उन्होंने महिलाओं से धार्मिक परंपराओं को बनाए रखने और समाज में एकता व संस्कारों को आगे बढ़ाने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर अनीता बबनराव महाडीक, हेमलता मनोज कुशवाहा, अनीता गणेश कुशवाहा, पिंकी अनिल कुशवाहा, सोनू राहुल कुशवाहा, मोना नरेंद्र कुशवाहा, पूजा सुशील कुशवाहा, शांति देवी कुशवाहा, चिंता मना बाबू कुशवाहा, विमला पाल, संतोष पारस कुशवाहा, शिला बाबुलाल कुशवाहा, मीरा धनरुप कुशवाहा सहित नगर की अनेक मातृशक्तियां उपस्थित रहीं। सभी महिलाओं ने श्रद्धा और भक्ति भाव से दशा माता की पूजा-अर्चना कर अपने परिवार और समाज की खुशहाली की कामना की।पूरे आयोजन के दौरान भक्ति और धार्मिक आस्था का वातावरण बना रहा तथा महिलाओं ने दशा माता से सभी परिवारों पर अपनी कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की।

## एलपीजी सिलेंडर आपूर्ति संबंधी शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित



**आष्टा।** वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति के कारण, आयात में हुई रूकावट की देखते हुए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा सभी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों की यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिए गए है कि एलपीजी की आपूर्ति और विपणन केवल घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को की जाए। इसके साथ ही निर्देश दिए गए है कि एलपीजी सिलेंडर की पिछली डिलीवरी के 25 दिन बाद ही दूसरे सिलेंडर की बुकिंग की जाए। जिला आपूर्ति अधिकारी रेशमा भामोर ने बताया कि जिले में एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और एलपीजी की पर्याप्त आपूर्ती बनी हुई है। जिले के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा इस संबंध में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरण के लिए जिला एवं अनुभाग स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं और कंट्रोल रूम में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम कांकंट्रोल रूम का नंबर 9111568661 है। यह कंट्रोल रूम आगामी आदेश तक प्रतिदिन प्रातः 09 बजे शाम 06 बजे चालू रहेगा।

# प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड के सेक्टर क्रमांक 5 जावर की प्रस्फुटन समितियां की क्षमता वृद्धि हेतु प्रशिक्षण श्री साईं पब्लिक हा. सेकंडरी स्कूल जावर में नवांकुर संस्था पीठ सेवा समिति द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी, शाला के प्रभारी राजपाल सिंह ठाकुर, मेंटर्स राकेश शर्मा और मुकेश राठौर द्वारा सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित उद्घाटन किया गया।

इसके उपरांत विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की अवधारणा उद्देश्य गठन संबंधित जानकारी प्रशिक्षण में उपस्थित प्रस्फुटन के सदस्यों एवं नवांकुर सखी को दी गई। मेंटर्स मुकेश राठौर द्वारा प्रस्फुटन समितियों के दस्तावेजी करण की जानकारी दी मेंटर्स राकेश शर्मा द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को अपने गांव में किए जाने वाले कार्यों पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, सबके लिए शिक्षा, सबके लिए स्वास्थ्य, जैविक कृषि, नशामुक्ति, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, समरसता,आदि विषयों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के समापन पर सभी को प्रमाण पत्र वितरित किए गए प्रशिक्षण में 32 प्रतिभागियों ने सहभागिता की प्रशिक्षण का संचालन नगर विकास प्रस्फुटन समिति जावर के अध्यक्ष राजपाल सिंह ठाकुर एवं आभार नितिन विश्वकर्मा द्वारा व्यक्त किया गया। प्रशिक्षण में नवांकुर सखी आदि उपस्थित रहे।

# इदगाह पर टीन शेड निर्माण का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




जावर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य द्वारा सांसद ,विधायक, जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, पार्षद गण व संगठन के पदाधिकारी वरिष्ठ नेता के मार्गदर्शन में जावर नगर में ईदगाह पर टीन शेट का निर्माण चल रहा हे। जावर नगर में यह पहली बार हो रहा है कि मुस्लिम धर्मिक स्थल पर टीन शेट निर्माण कार्य चल रहा है। टीन शेट निर्माण कार्य से जावर नगर के मुस्लिम समुदाय के लोगों को अपने सामाजिक ओर पारिवारिक धार्मिक कार्य करने में बहुत आसानी होगी। यहां पहला मौका हे जब नगर परिषद अध्यक्ष मुस्लिम धर्मिक स्थल पर टीन शेट निर्माण कार्य प्रारम्भ करवा रहे हैं। जावर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य ने मुस्लिम धर्मिक स्थल की चिंता की ओर उनके बारे में सोचा इस निर्णय से मुस्लिम समाज के जावर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य की तारीफ कर रहे हैं और मुस्लिम समाज के लोगों ने बताया कि जब से जावर नगर परिषद बनी है जब से आज तक किसी अध्यक्ष ने हमारी चिंता नहीं की। आज जावर नगर ने गंगा जमुना तहजीब दिखाई दे रही हे। जहां हिंदू धार्मिक स्थल स्थान का विकास हो रहा है। वही मुस्लिम समाज के धार्मिक स्थल का भी विकास मनोज वैद्य करवा रहे हे। वही कार्य स्थल का निरीक्षण स्थानीय पार्षद इकबाल भाई के साथ जाकर किया व ठेकेदार को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द गुणवत्ता पूर्ण काम को पूरा करें।

श्री राणा सांगा राजपूत सेना और श्री क्षत्रिय राजस्थान राजपूत महासभा का विलय

# राजपूत समाज की बैठक में एकता का किया शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्री क्षत्रिय राजस्थान राजपूत महासभा, मध्य प्रदेश के तत्वावधान में सीहोर स्थित स्वामीनारायण मंदिर परिसर में समाज की एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक कार्यकारिणी बैठक संपन्न हुई। इस बैठक ने समाज की एकजुटता की दिशा में एक ऐतिहासिक मिसाल पेश की है। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्री राणा सांगा राजपूत सेना और श्री क्षत्रिय राजस्थान राजपूत महासभा अब एक होकर कार्य करेंगेसंगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनसिंह हाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने आपसी सहमति से एक ही जाजम (मंच) पर आने का संकल्प लिया।

आयोजित हुए इस मिलन का मुख्य उद्देश्य समाज में बिखराव को खत्म कर एकता को सुदृढ़ करना है, ताकि सामाजिक विकास और सुधार के कार्यों को गति दी जा सके। बैठक में भविष्य की कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई और संगठन के संचालन के लिए नए नियम भी लागू किए गए। अध्यक्ष श्री हाड़ा ने कहा कि अब समाज के उद्देश्यों को प्राप्त करने में कोई बाधा नहीं आएगी और आगामी समस्त आयोजन संयुक्त रूप से भव्य स्तर पर किए जाएंगे।इस अवसर पर संगठन के समस्त राष्ट्रीय व प्रादेशिक पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के अंत में समाज के उत्थान और युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के संकल्प के साथ एकजुट रहने की शपथ ली गई।

# धरमपुरी हत्याकांड के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



6 मार्च को वन भूमि के पुराने विवाद व लड़के के एक्सीडेंट की रंजिश को लेकर परीक्षा देने जाते समय कुलदीप पिता जगदीश व शीतल पिता जगदीश की आरोपियों हरिसिंह मालवीय और उसके परिवार द्वारा घात लगाकर हत्या कर दी थी। जिसकी रिपोर्ट थाना सिद्दीकगंज में अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही। थाना सिद्दीकगंज पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण में संलिप्त चार आरोपियों हेमंत उर्फ संजू पिता हरीसिंह, सेवंता बाई पति हरीसिंह मालवीय, हरीसिंह पिता गंगाराम मालवीय, हेमलता बाई पति संजू उर्फ हेमंत निवासी ग्राम धरमपुरी थाना सिद्दीकगंज को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। आरोपी कमलसिंह पिता उमरांवसिंह गुणवान निवासी खजूरिया कासम फरार चल रहा था। आरोपी को 11 मार्च को मुखबिर सूचना व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ कर आरोपी के कब्जे से घटना में उपयोग की गई कुल्हाड़ी जप्त की गई है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी कमलसिंह गुणवान को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह बघेल, प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र ठाकुर, प्रआर अमरपाल राणावत, आरक्षक काव सिंह रावत, आरक्षक सुरेन्द्र राणा, आरक्षक जीवन जामले एवं आरक्षक 255 अम्बालाल का सराहनीय योगदान रहा।